हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, वन विज्ञान केन्द्रों एवं अनुसंधान पौधशालाओं द्वारा वन-महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू और कश्मीर में फैले हुये विभिन्न क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों, वन विज्ञान केन्द्रों एवं अनुसंधान पौधशालाओं द्वारा कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा परिचालित दिशा -निर्देशों एवं नियमों का पूर्ण रूप से पालन करते हुये 71 वां वन-महोत्सव मनाया गया।

1. क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, बीड प्लासी, नालागढ़, सोलन, हि॰प्र॰ द्वारा दिनांक 17 जुलाई 2020 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, मझौली, नालागढ़, सोलन, हि॰प्र॰ के परिसर में 71 वां वन-महोत्सव मनाया गया, जिसमें उक्त पाठशाला के लगभग 40 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। वन-महोत्सव का शुभारम्भ पाठशाला में कार्यरत अधीक्षक, श्री लेख राज ने कचनार (*Bauhinia variegata)* का पौधा लगा कर किया। श्री राकेश कुमार, उप-राजिक ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में विभिन्न प्रजातियां जैसे कचनार, तेज पत्ता, बांस और चेऊरा के 44 पौधे लगाये गये।

2. अनुसंधान पौधशाला, शिल्ली, सोलन, हि॰प्र॰ द्वारा दिनांक 21 जुलाई 2020 को कालाधार जंगल, सोलन, हि॰प्र॰ में 71 वां वन-महोत्सव मनाया गया, जिसमें सेरी पंचायत के उपप्रधान एवं 15 स्थानीय ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री नरेंदर सेन, उप- राजिक ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में विभिन्न प्रजातियां जैसे कि कचनार, रीठा और तेज़ पत्ता के 120 पौधे लगाये गये।

3. वन विज्ञान केन्द्र, जानीपुर, जम्मू, जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश द्वारा दिनांक 22 जुलाई 2020 को प्रगतिशील किसान देवीदत्त, ग्राम परोड़ा, जिला जम्मू, जम्मू और कश्मीर की भूमि में 71 वां वन-महोत्सव मनाया, जिसमें 7 किसानों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री मोहिंदर सिंह, वन दरोगा ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में आंबला के 23 पौधे लगाये गये।

4. क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, शिलारू, शिमला, हि॰प्र॰ द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2020 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कोट- शिलारू, शिमला, हि॰प्र॰ के सहयोग से 71वां वन-महोत्सव रेखटा जंगल शिलारू में मनाया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। वन-महोत्सव का शुभारम्भ उक्त पाठशाला के प्रधानाचार्य, श्री दीवान चन्देल ने देवदार (*Cedrus deodara*) का पौधा लगा कर किया। श्री संगत राम, वन परिक्षेत्र अधिकारी ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में देवदार के 300 पौधे लगाये गये।

5. क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, ताबो, लाहौल और स्पीति, हि॰प्र॰ द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2020 को जवाहर नवोदय विद्यालय, लरी, ताबो, लाहौल और स्पीति, हि॰प्र॰ के परिसर में 71 वां वन-महोत्सव मनाया गया, जिसमें उक्त पाठशाला के 22 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

वन-महोत्सव का शुभारम्भ उक्त पाठशाला के प्रधानाचार्य, श्री रत्तन सिंह नेगी ने जूनिपर (*Juniperus polycarpos*) का पौधा लगाकर किया। श्री पुरषोत्तम राम, उप- राजिक ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में जूनिपर के 25 पौधे लगाये गये।

6. अनुसंधान पौधशाला, बड़ागांव, शिमला, हि॰प्र॰ द्वारा दिनांक 24 जुलाई 2020 को लंबाजुब्बड, मिहाना गांव, शिमला, हि॰प्र॰ की सांझा भूमि में 71 वां वन-महोत्सव मनाया, जिसमें लंबाजुब्बड, मिहाना गांव (रंझाना पंचायत) के प्रतिनिधि एवं 20 स्थानीय ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री रमेश चंद, उप- राजिक ने वन-महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। वन-महोत्सव में विभिन्न प्रजातियां, देवदार, काफ़ल, बान ओक, चूली और पीपल के 45 पौधे लगाये गये।

****